दैनिक जागरण

Published from PATNA • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Lucknow • Meerut • Moradabad • Kanpur • Prayagraj • Ranchi • Varanasi

# क्रासवर्ड को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए : राज्यपाल

## सीआइएमपी में नेशनल इंटर-कालेज क्रासवर्ड एक्सपेडिशन का उद्घाटन, कार्यक्रम में स्मारिका एवं टी-शर्ट का किया गया अनावरण

आयोजन

**जागरण संवाददाता, पटना :** राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने गुरुवार को कहा कि क्रासवर्ड गहन सोच का अवसर पैदा करने के साथ खुद पर भरोसा दिलाता है। कुछ नया करने के लिए प्रेरित करता है, जिसका भी दिमाग तेज होगा, वह जरूर क्रासवर्ड का जानकार होगा। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की बेहतरी के लिए क्रासवर्ड को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। इसके पहले सीआइएमपी में बिहार फाउंडेशन और सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के सहयोग से एक्स्ट्रा-सी द्वारा आयोजित नेशनल इंटर-कालेज क्रासवर्ड एक्सपेडिशन (एनआइसीई) का उद्घाटन राज्यपाल, रेरा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा और सीआइएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने किया। इस दौरान सभी ने एनआइसीई की स्मारिका एवं टी-शर्ट का भी अनावरण किया।

सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में क्रासवर्ड सीखने को बढ़ावा देने में राज्यपाल की दूरदर्शी सोच की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि नीति आयोग ने सीआइएमपी को 24 प्रमुख नालेज संस्थानों में से एक के तौर पर चुना है। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा ने एनआइसीई के मुख्य प्रायोजक के तौर पर बैंक की भूमिका की पुष्टि की और राष्ट्र-निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने घोषणा की कि बिहार फाउंडेशन बांडिंग, ब्रांडिंग और बिजनेस की थीम के तहत इस पहल को बढ़ावा देने के लिए एनआइसीई के साथ साझेदारी करेगा। रेरा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह ने बातचीत करने की क्षमता, लीडरशिप और अलग तरह से सोचने (लेटरल थिंकिंग) की काबिलियत को बेहतर बनाने में क्रिप्टिक क्रासवर्ड की शैक्षिक अहमियत के बारे में बात की। उन्होंने आधिकारिक पाठ्यक्रम में क्रासवर्ड को शामिल किए जाने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि चार जुलाई को क्रासवर्ड को अंडर ग्रेजुएट छात्रों के लिए आधिकारिक तौर पर स्किल एनहांसमेंट कोर्स के रूप में अधिसूचित किया गया।



एनआइसीई की टी-शर्ट का अनावरण करते (बाएं से दाएं) सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल सैयद अता हसनैन, रेरा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार और सीआइएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार। • जागरण

### पटना सिटी राउंड में आद्या सिंह को मिला प्रथम स्थान

उद्घाटन समारोह के बाद एनआइसीई का पटना सिटी राउंड आयोजित किया गया, जिसमें कालेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रतिभा, तार्किक सोच और भाषाई कौशल देखने को मिला। इस दौरान पहला पुरस्कार सेंट स्टीफंस कालेज (नई दिल्ली) की आद्या सिंह को मिला। पटना ला कालेज की तन्वी कुमारी ने दूसरा और सीआइएमपी के सत्य प्रकाश और सनी कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान छात्रों का उत्साह उनके प्रदर्शन में नजर आया।

Dainik Jagran ! Page N0- 17 ! Date-17-07-2026

दैनिक जागरण
Published from PATNA • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Lucknow • Meerut • Moradabad • Kanpur • Prayagraj • Ranchi • Varanasi
inext

मिल जाएगा नया पीएम } 10

Max: 34.0°c
Min: 26.0°c

सेंसेक्स 53,

# 'कॉलेज के सिलेबस में भी हो क्रॉसवर्ड'

## सीआइएमपी में नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन का हुआ शानदार आगाज

### गवर्नर बोले-तेज दिमाग और आत्मविश्वास की सबसे बेहतर कसरत है क्रॉसवर्ड

patna@inext.co.in

**PATNA (16 July):** किताबों से आगे बढ़कर अब शब्दों का खेल भी उच्च शिक्षा का हिस्सा बनने की ओर बढ़ रहा है. तार्किक सोच, भाषा पर पकड़, धैर्य और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने वाले क्रॉसवर्ड को कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग ने गुरुवार को नया आयाम हासिल किया.

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में आयोजित नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन (एनआईसीई) के उद्घाटन समारोह में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में क्रॉसवर्ड केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास का प्रभावी उपकरण है. उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए क्रॉसवर्ड को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए.



लाइट लैंपिंग करते गवर्नर.

### टी-शर्ट का किया अनावरण

बिहार फाउंडेशन और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से एक्स्ट्रा-सी द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने किया. इस अवसर पर रेरा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा तथा सीआइएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार भी मौजूद रहे. सभी अतिथियों ने एनआईसीई की स्मारिका और प्रतियोगिता की आधिकारिक टी-शर्ट का भी अनावरण किया.

### बढ़ती है सोचने की क्षमता

राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि क्रॉसवर्ड व्यक्ति को गहराई से सोचने का अवसर देता है और कठिन समस्याओं के समाधान का रास्ता खोजने की आदत विकसित करता है. यह आत्मविश्वास बढ़ाने व चुनौतियों को स्वीकार करने की प्रेरणा देता है.

### आद्या सिंह बनीं विजेता

उद्घाटन समारोह के बाद एनआईसीई का पटना सिटी राउंड आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता में सेंट स्टीफंस कॉलेज, नई दिल्ली की आद्या सिंह ने पहला स्थान हासिल किया. पटना लॉ कॉलेज की तन्वी कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सीआइएमपी के सत्य प्रकाश और सनी कुमार ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया. विजेताओं को सम्मानित किया गया.

### बढ़ रही है पहचान

सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने राज्यपाल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में क्रॉसवर्ड को बढ़ावा देना दूरदर्शी सोच का परिणाम है. उन्होंने बताया कि नीति आयोग ने सीआइएमपी को देश के 24 प्रमुख नॉलेज संस्थानों में शामिल किया है, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि बैंक एनआईसीई का मुख्य प्रायोजक बनकर युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहा है. वहीं उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने घोषणा की कि बिहार फाउंडेशन 'बॉन्डिंग, ब्रांडिंग और बिजनेस' की थीम के तहत इस पहल को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देगा. रेरा के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह ने कहा कि क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड विद्यार्थियों में संवाद क्षमता, नेतृत्व कौशल और लेटरल थिंकिंग विकसित करने का प्रभावी माध्यम है.

Dainik Jagran Inext ! Page No-09 ! Date -17-07-2026

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पेज 18 बिहार मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष 9, अंक 167

### सीआईएमपी में नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडीशन का आयोजन

# शॉर्टकट नहीं, अनुशासन और अलग सोच ही सफलता की कुंजी : राज्यपाल

एजुकेशन रिपोर्टर|पटना

एआई और चैट-जीपीटी के दौर में भी इंसानी दिमाग को 360 डिग्री सोच, स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता और अलग तरह के तर्क विकसित करने के लिए क्रॉसवर्ड सॉल्विंग बेहद जरूरी है। क्रॉसवर्ड केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। शॉर्टकट के बजाय अनुशासन और अलग सोच ही सफलता की कुंजी है। ये बातें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने शनिवार को चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के ऑडिटोरियम में आयोजित नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडीशन (नाइस-2026) के उद्घाटन समारोह में कहीं। राज्यपाल ने अपने सैन्य अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि क्रॉसवर्ड सुलझाना रणनीति की "मैन्यूवर फिलॉसफी" की तरह है, जहां तय रास्तों से आगे बढ़कर नए तरीके से सोचना पड़ता है।

बिहार फाउंडेशन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सीआईएमपी और एक्सट्रा-सी के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इधर, बिहार फाउंडेशन के सीईओ और उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार फाउंडेशन "बॉन्डिंग, ब्रांडिंग और बिजनेस' की थीम के तहत इस पहल से जुड़ेगा। उन्होंने क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड को लोकप्रिय बनाने में विवेक कुमार सिंह के योगदान की सराहना की। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पौधे भेंट किए। डॉ. राणा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में क्रॉसवर्ड को बढ़ावा देने में राज्यपाल की दूरदर्शी सोच महत्वपूर्ण रही है। यह प्रतियोगिताएं छात्रों में समस्या समाधान, विश्लेषणात्मक क्षमता और बौद्धिक जिज्ञासा को मजबूत करती हैं। नीति आयोग ने सीआईएमपी को देश के 24 प्रमुख नॉलेज संस्थानों में शामिल किया है।

### एआई और चैटजीपीटी के दौर में भी 360 डिग्री सोच के लिए क्रॉसवर्ड जरूरी



### ग्रेजुएशन में स्किल कोर्स के रूप में शामिल

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि क्रॉसवर्ड की यह यात्रा वर्ष 2000 में 'स्वागत' मैगजीन से शुरू हुई थी। अब इसे 4 जुलाई को स्नातक छात्रों के लिए आधिकारिक तौर पर स्किल इनहांसमेंट कोर्स कें रूप में अधिसूचित किया गया है। रेरा बिहार के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह ने कहा कि क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड छात्रों में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और लेटरल थिंकिंग विकसित करता है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि बैंक इस आयोजन का मुख्य प्रायोजक है। कार्यक्रम के दौरान नाइस-2026 की स्मारिका और आधिकारिक टी-शर्ट का अनावरण किया गया।

### नाइस-2026 के पटना सिटी राउंड के विजेता

- प्रथम : आद्या सिंह (सेंट स्टीफंस कॉलेज, नई दिल्ली)
- द्वितीय : तन्वी कुमारी (पटना लॉ कॉलेज, पटना)
- तृतीय : सत्य प्रकाश एवं सनी कुमार (चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना)

### शोषित समाधान केंद्र का स्थापना दिवस समारोह

## विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य तय करने का आह्वान किया

भास्कर न्यूज | पटना

शोषित समाधान केंद्र के 20वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन(सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य तय करने, कठोर परिश्रम करने और देशसेवा के लिए सेना, पुलिस तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं में आगे आने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि सफलता पारिवारिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और लगन से तय होती है। उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी की परेड में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर पाने वाले लेफ्टिनेंट विशाल कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प से कोई भी युवा ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा और सपनों का साथ देने की अपील की। राज्यपाल ने संस्थान की शिक्षा व समाजसेवा की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण, आत्मविश्वास और भाषा-कौशल की भी प्रशंसा की।

बिहार का नं. 1 अखबार
# हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
...म सम्वत् 2079, पटना

# तार्किक सोच विकसित करता है क्रॉसवर्ड

## बोले राज्यपाल



सीआईएमपी में गुरुवार को आयोजित नाइस-2026 के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल सय्यद अता हसनैन। साथ में सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह, रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव दीपक सिंह, सचिव कुंदन कुमार व अन्य।

**पटना, कार्यालय संवाददाता।** शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने से भी मिलती है। जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए हमें समस्या-समाधान का कौशल विकसित करना होगा। क्रॉसवर्ड मानसिक क्षमता और तार्किक सोच को विकसित करता है। इसे हर स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए। ये बातें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने गुरुवार को कहीं।

राज्यपाल सीआईएमपी में आयोजित नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन (नाइस-2026) के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन बिहार फाउंडेशन और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सीआईएमपी और एक्सट्रा -सी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता के पटना सिटी राउंड का आयोजन किया गया। इसमें सेंट स्टीफेंस कॉलेज, नई दिल्ली की छात्रा आद्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पटना लॉ कॉलेज की तन्वी दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सीआईएमपी के सत्यप्रकाश और सनी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने क्रॉसवर्ड को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने के लिए राज्यपाल का आभार जताया। बताया कि नीति आयोग ने सीआईएमपी को देश के 24 प्रमुख ज्ञान संस्थानों में शामिल किया है। रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक सिंह ने क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड की शैक्षणिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसकी लोकप्रियता की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले इसी संस्थान से क्रॉसवर्ड को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा हुई थी, जो अब साकार हो चुकी है। मौके पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार मौजूद रहे।

Hindustan ! Page N0-06 ! Date-17-07-2026

Morning India

# National inter-college crossword expedition inaugurated at CIMP

Our Correspondent



**Patna :** National Inter-College Crossword Expedition (NICE) 2026, jointly organized by CIMP and Extra-C, with support of Bihar Foundation and Central Bank of India, was inaugurated with great enthusiasm by Governor Lt. Gen. Syed Ata Hasnain (Retd.), who graced the occasion as Chief Guest.

The ceremony commenced with arrival of Governor, followed by National Song and National Anthem. A ceremonial lamp was lit to symbolize the triumph of knowledge over ignorance. The dignitaries were felicitated with saplings by Dr. Rana Singh as a gesture of respect and sustainability.

In his welcome address, Dr. Rana Singh, Director, CIMP, highlighted the Governor's visionary leadership in promoting crossword learning as part of the university curriculum. He also noted that CIMP has been nominated as one of the 24 lead knowledge institutions by NITI Aayog. Dr. Singh emphasized that crossword competitions foster problem-solving ability, critical thinking, analytical skills, and intellectual curiosity among students.

During the ceremony, the dignitaries officially unveiled the NICE 26 Souvenir and the official NICE 26 T-shirts, marking the formal launch of the national initiative.

Kundan Kumar, IAS, announced that Bihar Foundation would partner with NICE 26 to promote the initiative under the themes of "Bonding, Branding, and Business." He also appreciated the efforts of Shri Vivek Kumar Singh in popularizing cryptic crosswords.

Vivek Kumar Singh, Chairman, RERA Bihar, spoke about the educational value of cryptic crosswords in enhancing articulation, leadership, and lateral thinking. He traced the journey of the initiative from its origins in Patna to organizing the World Cryptic Crossword Championship in London, with upcoming finals planned in the United States and Canada. In his keynote address, Governor praised young anchors of the event for their articulate presentation. He compared crossword solving to mountaineering, emphasizing persistence, discipline, and the avoidance of shortcuts.

Morning India ! Page No-02 ! Date-17-07-2026

आज

# क्रॉसवर्ड पाठ्यक्रम का हिस्सा बने : राज्यपाल

## राष्ट्रीय अंतरमहाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन का शुभारंभ

**( आज शिक्षा प्रतिनिधि )**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में क्रॉसवर्ड गतिविधियों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिये।

वे गुरुवार को चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में राष्ट्रीय अंतरमहाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन का शुभारंभ कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि क्रॉसवर्ड एक ऐसी बौद्धिक गतिविधि है, जो सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करती है और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाती है। क्रॉसवर्ड व्यक्ति को धैर्य रखने, बार-बार प्रयास करने और कठिन लगने वाली समस्या का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। किसी पहेली को अपने प्रयास से हल करने पर आत्मविश्वास भी बढ़ता है। राज्यपाल ने कहा कि क्रॉसवर्ड विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता, नये ढंग से सोचने की



क्षमता और समस्याओं का विभिन्न पहलुओं से विश्लेषण करने की आदत विकसित करता है। राज्यपाल श्री हसनैन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि आज तकनीक अनेक प्रश्नों के उत्तर कुछ ही क्षणों में उपलब्ध करा सकती है, लेकिन विद्यार्थियों के लिए अपनी सोचने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता को निरंतर विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रॉसवर्ड, क्विज और वाद-विवाद जैसी गतिविधियाँ स्वतंत्र चिंतन, तार्किक विश्लेषण और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत बनाती हैं। अपने सैनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी भी सफल रणनीति का आधार परिस्थितियों का सही आकलन, दूरदर्शी सोच और समयानुकूल निर्णय होता है। क्रॉसवर्ड जैसी गतिविधियां व्यक्ति को हर पहलू पर विचार करने, नये विकल्प तलाशने और समस्याओं का बेहतर समाधान खोजने के लिए तैयार करती हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास, धैर्य और व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देशभर के अधिक से अधिक विद्यालय और महाविद्यालय इस प्रकार की गतिविधियों को अपनायेंगे, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी बौद्धिक क्षमता विकसित करने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय अंतर-महाविद्यालयी क्रॉसवर्ड एक्सपेडिसन के टी-शर्ट एवं स्मारिका का विमोचन भी किया।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह एवं रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव कुन्दन कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन सिन्हा, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. राणा सिंह एवं मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार भी उपस्थित थे।

प्रकाशन का 70वां वर्ष एक अखबार संपूर्ण बिहार ॥ श्री हरि ॥

# सन्मार्ग

मूल्य ₹ 3.00

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

# सीआईएमपी में नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन का उद्घाटन



**पटना/संवाददाता।** बिहार फाउंडेशन और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना और एक्ट्रा सी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन का उद्घाटन सीआईएमपी के ऑडिटोरियम में बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (रिटायर्ड) शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें रेरा बिहार के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, बिहार सरकार के उद्योग विभाग के सचिव और बिहार फाउंडेशन के सीईओ कुंदन कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जोनल हेड राजीव रंजन सिन्हा, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह और सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार शामिल थे। समारोह की शुरुआत राज्यपाल के आगमन के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान हुआ। सम्मान और स्थिरता के प्रतीक के तौर पर डॉ. राणा सिंह ने गणमान्य अतिथियों को पौधे भेंट किये। डायरेक्टर डॉ. राणा सिंह ने अपने स्वागत भाषण में यूनिवर्सिटी के सिलेबस में क्रॉसवर्ड सीखने को बढ़ावा देने में गवर्नर की दूरदर्शी लीडरशिप की तारीफ की। उन्होंने यह भी बताया कि नीति आयोग ने सीआईएमपी को 24 प्रमुख नॉलेज संस्थानों में से एक के तौर पर चुना है।

Sanmarg! Page N0-03 ! Date-17-07-2026